MUTUAL FUNDS NAVs

Here's a ready reckoner to track the day-on-day changes in your equity and balanced fund portfolio

As of 30 October 2023

Scheme	NAV	50%
ADITYA BIRLA SUN LIFE		
AMC Multi Cap Fd	2428	-2.72
AMF Multi Fdf-G	21.27	0.72
Aditya Birla Sun Life Mul	21.07	0.66
Aditya Birla Sun Life Mul	3.45	0.04
Hi-tech Mega Fd	18.20	-1.20
Advantage-G	271.69	-1.00
Bal Bhavishya Yojana	19.49	-1.35
Bal Bhavishya Yojana	19.49	-1.35
Balanced 95-G	28.09	-1.01
Balanced 95-G	227.39	-1.01
Balanced Adv-G	51.00	-0.63
Balanced Adv-G	51.11	0.63
Banking & Fin Serv-G	37.47	-1.62
Banking & Fin Serv-G	53.77	-1.60
Business Cycle-G	31.45	-1.42
Business Cycle-G	31.45	-1.42
CEBA Dividend Yield-Reg	13.58	0.00
CEBA Dividend Yield-Reg	13.58	0.00
Cash Management-DD	169.21	0.00
Cash Management-G	167.86	0.00
Cash Management-WD	100.07	0.00
Cash Plus-DD	28.13	0.06
Cash Plus-G	193.70	0.06
Cash Plus-G	37.26	0.06
Cash Plus-WD	18.20	0.07
Dual Adv Bal Fd Ctd-G	13.96	-0.00
Dual Adv Bal Fd Ctd-I	13.96	-0.00
Equity Bond-G	13.56	0.00
Equity Bond-G	13.56	0.00
Equity Bond-G	13.56	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.76	0.04
Equity Hybrid 65-G	13.76	0.04
Equity Hybrid 65-G	13.36	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.36	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.60	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.60	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.60	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.72	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.72	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.72	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.68	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.68	0.00
Equity Hybrid 65-G	13.68

भाजपा प्रत्याशी राजवी का चित्तौड़ पहुंचने पर किया स्वागत

जननायक | चित्तौड़गढ़। भाजपा द्वारा चित्तौड़गढ़ विधानसभा प्रत्याशी नरपत सिंह राजवी के सोमवार दोपहर कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ शहर में पहुंचने पर कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। हालांकि शहर के सुभाष चौक पर स्वागत के दौरान स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ता दिखाई नहीं दिए।

भाजपा की ओर से विधानसभा चुनाव में इस बार टिकट में फेर बदल कर वर्तमान विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के स्थान पर जयपुर के विद्याधर नगर विधायक नरपत सिंह राजवी को टिकट दिया गया है। इसके बाद विधायक आक्या के पक्ष में कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा जबरदस्त विरोध प्रदर्शन और टिकट फिर से आक्या को ही देने की मांग के बीच राजवी सोमवार को चित्तौड़गढ़ पहुंच गए। नरपत सिंह राजवी का चित्तौड़गढ़ पहुंचने पर भीलवाड़ा मार्ग स्थित मेड़ी खेड़ा फाटक के समीप भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, चुनाव संयोजक रणजीत सिंह भाटी सहित कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। वाहन रैली के साथ चित्तौड़गढ़ पहुंचने के दौरान चन्देरिया में भी कार्यकर्ताओं द्वारा राजवी का स्वागत किया गया। भाजपा प्रत्याशी राजवी का सुभाष चौक पहुंचने पर नगर अध्यक्ष सागर सोनी के नेतृत्व में 11 जेसीबी मशीनों से पुष्प वर्षा, आतिशबाजी, माल्यार्पण व केसरिया साफा बंधवा कर स्वागत किया गया। इस दौरान राजवी ने कहा कि उन्होंने पूर्व में भी चित्तौड़गढ़ में 10 साल तक सेवक बन कर कार्य किया है और आने वाले 5 वर्षों में भी सेवक बन कर काम करेंगें। इस दौरान राजवी का प्रधान देवेन्द्र कंवर, हर्षवर्धन सिंह रुद, रघु शर्मा, श्रवण सिंह राव, लोकेश त्रिपाठी, महिला जिला अध्यक्ष वीणा दशोरा, गौरव त्यागी, अनन्त समदानी, ओछड़ी सरपंच मुकेश गुर्जर सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राजवी 1993 के चुनाव में सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत को हराकर पहली बार चित्तौड़गढ़ विधायक बने, इसके बाद 1998 में हुए चुनाव में जाड़ावत ने जीत दर्ज कराई थी। फिर एक बार 2003 में राजवी चित्तौड़गढ़ विधानसभा सीट से जाड़ावत को हरा कर विधायक बने थे। इसके बाद 2008 में राजवी जयपुर के विद्याधर नगर से चुनाव लड़ कर विधायक बने।

राजवी ने किए सांवलिया सेठ के दर्शन

मंडफिया। आगामी विधानसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ से भाजपा विधायक प्रत्याशी नरपत सिंह राजवी ने सोमवार शाम भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए। चित्तौड़गढ़ विधायक प्रत्याशी नरपत सिंह राजवी को पुजारी ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। राजवी का श्री सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल वैष्णव, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, मंडफिया पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान, मंदिर बोर्ड के पूर्व सदस्य भैरूलाल सोनी, सांवलिया जी मंदिर के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच, जीएसएस अध्यक्ष राजकुमार वैष्णव, पवन तिवारी, ललित वैष्णव, पंकज जारोली सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऊपरना पहना, प्रसाद भेंटकर स्वागत किया।

भूपेन्द्र सिंह तहसील अध्यक्ष नियुक्त

जननायक | चित्तौड़गढ़। राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेशाध्यक्ष राजेश तिवाड़ी की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष नितेश कुमार शर्मा ने संगठन में विस्तार करते हुए बस्सी निवासी भूपेन्द्र भट्ट को राष्ट्रीय परशुराम सेना का बस्सी तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया है।

उन्होंने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने व संगठन की मजबूती के लिए तहसील कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए है।

सेन समाज प्रगतिशील का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

जननायक | चित्तौड़गढ़। जिला सेन समाज प्रगतिशील संस्थान द्वारा 10वां प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को दीपक गार्डन में संस्थान अध्यक्ष बालुराम सेन की अध्यक्षता, सेन समाज सामूहिक विवाह समिति भीलवाड़ा के संरक्षक सुरेश चन्द्र सेन कटार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

संस्थान सचिव श्रीधर सेन ने बताया कि समारोह में कक्षा 10,12, नीट, बीडीएस, जेएएम की शिक्षा सहित हेण्डबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली समाज की कुल 32 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान केरियर गाइडेंस के लिए उदयपुर के सेन्टर फॉर ह्यूमन रिसोर्सेज के डायरेक्टर मांगीलाल सेन ने बच्चों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सेन समाज संरक्षक राजेन्द्र सेन, अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन उदयपुर, हरिप्रसाद गहलोत नीमच, सत्यनारायण सेन भीलवाड़ा, रमेशचन्द्र सेन कनेरा, रामचन्द्र सेन धनोरा, प्रहलाद धारीवाल बेगूं, नरेश सेईवाल हमीरगढ़, लालुराम बेगूं, संस्थान संरक्षक भैरूलाल चित्तौड़गढ़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उदयपुर के राजेन्द्र सेन, ओमप्रकाश सेन, हरिप्रसाद नीमच, रमेशचन्द्र कनेरा, प्रहलाद धारीवाल के साथ ही संस्थान के सदस्य अशोक सेन, सुरेश वर्मा, कैलाश सेन, विनोद परिहार, सुरेश बारबर, नरेश परिहार, रोहित सेन, बंशीलाल सेन, अर्पित केलवा, भरत सेन सहित कई समाजजन मौजूद रहे।

तस्करी के फरार दो आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

जननायक | चित्तौड़गढ़। जिले की कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी मामले में 6 साल से फरार वांछित आरोपी व 16 साल से फरार स्थाई वारंटी को पंजाब से गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि आगामी राजस्थान विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए एएसपी बुगलाल मीना व डीएसपी बेनी प्रसाद के निर्देशन एवं थानाधिकारी कोतवाली रामसुमेर मीणा के सुपरविजन में एएसआई सूरज कुमार ने कांस्टेबल रणजीत, रमेश व जीतराम की टीम गठित की गई। उक्त टीम ने कोतवाली निम्बाहेड़ा के वर्ष 2018 के 485 किलो अफीम डोडाचूरा तस्करी में वांछित आरोपी पंजाब के फतेहउल्ला साहवाल जिला मोगा निवासी रिशाल सिंह पुत्र जागीर सिंह को उसके घर से डिटेन कर लिया।

इसके साथ ही लुधियाना में पुलिस को थाना कोतवाली निम्बाहेड़ा में 16 साल से फरार स्थाई वारण्टी पंजाब के रामपुरा न्यू कोल्ड स्टोर जगराओ जिला लुधियाना निवासी गुरू सेवक सिंह उर्फ गुल्ली पिता सरदार निर्मल सिंह के भी उसके घर होने की सूचना मिली। इस पर टीम ने गुरु सेवक सिंह को भी डिटेन कर निम्बाहेड़ा लाकर गिरफ्तार कर लिया। गुरूसेवक सिंह अफीम के मामले मे 16 साल से फरार चल रहा था।

खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के जीवन की प्रबंधशाला: शर्मा

जिला स्तरीय प्राथमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

जननायक | चित्तौड़गढ़। जिला स्तरीय 67वीं प्राथमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेड़ी का अमराणा में सीएसआर हेड जुबीलिएन्ट फ़ैक्ट्री सिंहपुर संजय सिन्हा के मुख्य आतिथ्य, सीएसआर आदित्य सीमेंट सावा के विजय सिंह अति विशिष्ट आतिथ्य, रेंजर वन विभाग प्रताप सिंह चुण्डावत विशिष्ट आतिथ्य, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक राजेंद्र कुमार शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय सिन्हा ने कहा कि यह प्रतियोगिताएँ शिक्षा विभाग की सहशैक्षिक गतिविधियों का एक भाग है, जिसमें बालक बालिकाओं की मानसिक व शारीरिक शक्तियों को मज़बूती प्रदान होती है। वहीं कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि विजय सिंह ने बताया कि विद्यालय में सामाजिक सरोकारों के कार्य हमारी विंग विभिन्न क्षेत्रों में करती है, हम स्पोर्ट्स अकादमी हेतु संसाधन देने के लिए सदैव तैयार रहते हैं। इसी क्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएँ बालक बालिकाओं के जीवन की प्रबंधशाला है, जिसमें विद्यार्थी खेल-खेल में जीवन जीने की कलाओं को सीखता है। कार्यक्रम के पर्यवेक्षक प्रदीप दशोरा ने टूर्नामेंट का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

पीईईओ अय्यूब खान राउमावि सामरी ने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में 800 छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो, जिमनास्टिक व एथेलेटिक्स में भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता संयोजक व संस्था प्रधान देवेन्द्र सिंह सोलंकी ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहने वाली टीम को पारितोषिक के रूप में ट्रॉफी, शील्ड, स्मृति चिन्ह, मेंडल व प्रमाण पत्र तथ सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया चित्तौड़गढ़ शाखा द्वारा प्रदान किये गए।

आरएनटी कॉलेज में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया संपन्न

जननायक | कपासन। आरएनटी कॉलेज में 10 राजस्थान एनसीसी बटालियन उदयपुर द्वारा आरएनटी में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करते हुए विद्यार्थियों का फिजिकल, लिखित टेस्ट व इन्टरव्यू लेकर केडेट का चयन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एसएनए जाफरी व एनसीसी एएनओ ले. डॉ. निशा अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर 130 विद्यार्थियों में से परिणाम के बाद रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों का एनसीसी में चयन किया गया। महाविद्यालय प्रबन्ध निदेशक डॉ. वसीम खान एवं नीमा खान ने सभी एनसीसी में चयनित छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। खेल प्रभारी राकेश जीनगर ने बताया कि 10 राजस्थान एनसीसी बटालियन उदयपुर के कमांडिंग ऑफिसर (सीओ) कर्नल विपुल बया, सूबेदार मेजर अजय कुमार, नायब सूबेदार भाखर सिंह भाटी, हवलदार रामवीर सिंह, हवलदार रमेशचन्द्र के नेतृत्व में 4 स्टेप पर चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्रथम स्टेप पर 130 विद्यार्थियों द्वारा किए गये एनसीसी में प्रवेश हेतु 1600 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। इसके बाद फिजीकल टेस्ट, लिखित परीक्षा और वॉक इन इन्टरव्यू द्वारा एनसीसी की चयन प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया में अकादमिक निदेशक शिवनारायण शर्मा, बीएड प्राचार्य डॉ. अनिल गोठवाल, सहआचार्य आरआर नागर, एचएल अहीर आदि ने सहयोग प्रदान किया।

चंपापुरी तीर्थ नवपद ओलीजी का पारणा में अत्याधुनिक एंबुलेंस भेंट

जननायक | चित्तौड़गढ़। महावीर आध्यात्मिक जैन पारमार्थिक ट्रस्ट मंगलवाड़ में 20 से 28 अक्टूबर तक आयोजित नवपद ओलीजी का पारणा कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर 300 बेड के प्रस्तावित महावीर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रथम चरण में 20 लाख रुपयों की लागत वाली अत्याधुनिक उपकरणों से लैस टाटा विंगर एंबुलेंस का लोकार्पण नवकार मंत्र के जाप के साथ विधि विधान से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भीनमाल 72 जिनालय के लाभार्थी आरके बिल्डर्स मुंबई के समाज सेवी श्रीमती पवन रमेश शाह लुंकड़, ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल मांडावत अध्यक्ष और महावीर जैन मंडल चित्तौड़गढ़ अध्यक्ष डॉ. आईएम सेठिया, जैन कान्फ्रेंस प्रचार मंत्री सुधीर जैन, सीके मोटर्स उदयपुर सुनील वागरेचा, अखिल भारत वर्षीय साधुमार्गी महिला समिति की पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री प्रतिभा सहलोत विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवन रमेश शाह लुंकड़ ने धर्म और संस्कारो के प्रति अपना सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए नवपद ओलीजी करने वाले सभी श्रावक श्राविकाओं की बारंबार अनुमोदना करते हुए धर्म और सेवा के क्षेत्र में मानव सेवा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आईएम सेठिया ने ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल मांडावत व उनकी टीम द्वारा मानव सेवा के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए 20 लाख की लागत वाली अत्याधुनिक एंबुलेंस सेवा को मंगलवाड़ वासियों के लिए अत्यावश्यक जरुरत बताया। ओलीजी करने वाले श्रावक श्राविकाओं की भावना को नमन करते हुए जैन कांफ्रेंस राजस्थान के प्रचार मंत्री सुधीर जैन ने कहा कि 150 श्रावक श्राविकाओं द्वारा आयंबिल कर धर्म की प्रभावना स्वागत योग्य है। जैन धर्म में त्याग और तपस्या के माध्यम से अहिंसा का संदेश दिया जाता है। नौ दिनों की इस तपस्या का लाभ लेने वाले सभी श्रावक श्राविकाएं साधुवाद के पात्र हैं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल मांडावत और ट्रस्ट पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर मेवाड़ी परंपरा के अनुसार साफा पहना, शाल ओढ़ा कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा जैन ने किया।

यात्री बस से अफीम व डोडाचूरा जब्त, दो गिरफ्तार

जननायक | प्रतापगढ़। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थो की तस्करी को रोकने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले की धमोत्तर थाना पुलिस ने एक यात्री बस में तस्करी कर ले जाई जा रही 100 ग्राम अवैध अफीम एवं 12 किलो डोडा चूरा जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार रात्रि धमोत्तर थानाधिकारी दीपक कुमार जाप्ते के साथ थाने के सामने नाकाबंदी कर गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान वहां आई एक यात्री बस को रूकवा कर चेकिंग की जा रही थी तभी बस में बैठे दो युवक संदिग्ध पाये गये। पुलिस द्वारा संदिग्धों से नाम पते पूछे तो उन्होंने अपने नाम जितेन्द्र कुमार पिता भंवरलाल मेघवाल एवं उत्तम सिंह पिता केसर सिंह गुर्जर निवासी नुवा पुलिस थाना मण्डावा जिला झुंझूनू होना बताया। तलाशी लेने पर युवकों के बैग से 100 ग्राम अवैध अफीम एवं ट्रोली बैग में 12 किलोग्राम डोडाचूरा पाया गया जिसे पुलिस ने जब्त कर दोनो आरोपियों को मादर्थ पदार्थ तस्करी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजोरा का स्वागत

जननायक | चित्तौड़गढ़। भाजपा के नवनियुक्त चंदेरिया मंडल के अध्यक्ष गोपाल सिंह राजोरा का गणेश चौक पर कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राजोरा ने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, चुनाव संयोजक रणजीत सिंह भाटी, जिला महामंत्री रघु शर्मा, प्रदेश कार्यालय संयोजक श्रवण सिंह राव, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रुद का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शरद पूर्णिमा पर डांडिया रास में जमकर थिरके लोग

जननायक | उदयपुर। शारद पूर्णिमा के मौके पर रविवार को शहर के छोटी ब्रह्मपुरी चौक में छोटी ब्रह्मपुरी नवयुवक मंडल द्वारा एक दिवसीय डांडिया रास का आयोजन किया गया। आयोजक छोटी ब्रह्मपुरी नवयुवक मंडल के मनोज साहू ने बताया कि रविवार शाम को धवल चांदनी रात में माताजी की महाआरती की गई। महाआरती के दौरान छोटी ब्रह्मपुरी सहित आस पास के इलाकों के कई महिला पुरुष और वरिष्ठ लोग मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि महाआरती के बाद कॉलोनी की महिलाओं, युवतियों और युवाओं ने माताजी के पारंपरिक गीतों पर पारंपरिक परिधान धारण कर डांडिया रास किया। डांडिया रास में उपमहापौर पारस सिंघवी, पार्षद गौरव प्रताप और भाजपा नेता अर्चना शर्मा ने भी जमकर डांडिये खनकाये। साहू ने बताया कि डांडिया रास के बाद बेस्ट डांसर, बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए। शारद पूर्णिमा पर आयोजित एक दिवसीय डांडिया रास कार्यक्रम में पूर्व उपमहापौर लोकेश द्विवेदी, भाजपा उदयपुर प्रत्याशी तारा चंद जैन, विद्युत समिति अध्यक्ष कुलदीप जोशी, विजय आहूजा, सुनील व्यास, बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजेश शर्मा मौजूद रहे।

मेवाड़ यूनिवर्सिटी में मनाया फ्रेशर्स डे सेलिब्रेशन 'आगाज'

आरोही मिस फ्रेशर और एन दिनेश बने मिस्टर फ्रेशर

जननायक | गंगरार। मेवाड़ यूनिवर्सिटी में सोमवार को फ्रेशर्स-डे सेलिब्रेशन 'आगाज-2023' का आयोजन किया गया, जिसमें देशी, बॉलीवुड और हॉलीवुड सभी स्टाइल में कश्मीर की वादियों से लेकर गुजराती, हरियाणवी, कंटेम्परेरी, हिप हॉप, जैज सभी डांस विधाएं देखने को मिली।

इस दौरान फैशन शो में विद्यार्थियों ने रैंप पर तीन राउंड में अपने जलवे बिखेरे जिसमें मिस फ्रेशर आरोही और बीटेक (सीएसई) से मिस्टर फ्रेशर का खिताब एन दिनेश ने जीता। वहीं उपविजेता अनामिका और सोंगविंग रहे। कार्यक्रम में बीपीए फर्स्ट ईयर के विद्यार्थी लिंगम ने विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया का लाइव चित्र बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड (सीपीपी) हैड बीनू राफेल ने विद्यार्थियों का संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें प्रत्येक क्षेत्र में एक्सपर्ट होना चाहिए तभी वह जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ सामाजिक ज्ञान और अपने कर्त्तव्यों के बारे में जरूर ज्ञान होना चाहिए तभी वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर सकते है। वहीं विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने पहुंचे यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि मेवाड़ यूनिवर्सिटी में छोटा भारत बसता है। यहां विभिन्न प्रांतों की संस्कृति के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। एक-दूसरे के प्रति आदर का भाव रखते हैं। यही हमारी संस्कृति है और ताकत भी है। यहां विद्यार्थियों को शिक्षा और प्रशिक्षण दोनों मुहैया कराया जाता है। इस मौके पर वाइस चांसलर डॉ. आलोक मिश्रा ने विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम में सोलो और ग्रुप डांस के अलावा पारंपरिक बांसुरी वादन, राजस्थानी डांस, दक्षिण भारतीय शैली के डांस, ड्रामा, स्किट, गरबा, मराठी व हरियाणवी डांस ने वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। दिनभर चले विभिन्न इवेंट के बाद शाम को डीजे नाइट हुई, जिसमें डेजर्ट रॉक बैंड के कलाकारों ने देर रात तक अपने गानों पर न केवल स्टूडेंट्स बल्कि शिक्षकों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। बैंड के अभिषेक पिपारा, हर्षिता चौहान, आदित्य पिपरा, आदेश सुराना और जतिन कौशल ने संगीत की धुन पर एक से बढ़कर एक गीत सुनाए।

इस मौके पर मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष गोविंद लाल गदिया, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य आरके गदिया, अर्पित माहेश्वरी, डॉ. चित्रलेखा सिंह, ओएसडी एच विधानी और प्लेसमेंट सेल के निदेशक हरीश गुरनानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. सोनिया सिंगला, सह-संयोजक डॉ. गुलजार अहमद, निरमा शर्मा और राज सिंह का सहयोग रहा।

जब्त नकदी को छुड़ाने के लिए 7 दिन के भीतर करें आवेदन

जननायक | उदयपुर। विधानसभा आम चुनाव 2023 के पारदर्शी और निष्पक्ष संपादन को लेकर गठित विशेष दस्तों की ओर से जब्त की गई नकदी को पुनः प्राप्त करने के लिए संबंधित व्यक्ति को 7 दिन की अवधि में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि जब्तशुदा नकदी के मामलों में अग्रिम कार्यवाही को लेकर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत सीईओ जिला परिषद, एडीएम प्रशासन और कोषाधिकारी शहर की कमेटी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि जब्त की जाने वाले नकदी को वापस प्राप्त करने के लिए संबंधित व्यक्ति को 7 दिन के भीतर कमेटी के समक्ष सक्षम दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कमेटी दस्तावेजों की जांच कर संतुष्ट होने पर जब्तशुदा राशि लौटा सकती है। संबंधित व्यक्ति को उक्त नकदी निर्धारित समय में बैंक खाते में जमा कराकर उसकी रसीद कमेटी को प्रस्तुत करनी अनिवार्य रहेगी। उन्होंने बताया कि कमेटी ने अब तक दो आवेदनों का निस्तारण कर तकरीबन 5 लाख रुपये से अधिक की नकदी लौटाई है।

ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
CIN : L14101RJ1994PLC008930
पंजीकृत कार्यालयः आराजी न. 1312, उदयपुर–भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001
E-mail: inanimarble@gmail.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 08 नवम्बर, 2023 बुधवार को 3.00 p.m कंपनी के पंजीकृत कार्यालय आराजी न. 1312, उदयपुर–भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001 में 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के अन– अंकेक्षित वितीय परिणामो पर विचार एवं अनुमोदन हेतु आयोजित की जाएगी। निवेशक कंपनी की वेब–साईट www.inanimarbles.com एवं स्टॉक एक्सेंज की वेब–साईट www.bseindia.com पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है।

मंडल के आदेशानुसार
वास्तेः ईनाणी मार्बल्स एण्ड़ इण्ड़स्ट्रीज लिमिटेड
Sd/-
मधु बाला शर्मा
(कम्पनी सचिव)

स्थानः चित्तौड़गढ
दिनांकः 30.10.2023